प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम– 461005 (म.प्र.)
(भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई)
भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन
मिनीरत्न श्रेणी – I सी.पी.एस.ई. एवं आई.एस.ओ. 9001 : 2015 एवं आई.एस.ओ. 14001 : 2015 प्रमाणित
SECURITY PAPER MILL, NARMADAPURAM-461005 (M.P.)
(A Unit of Security Printing & Minting Corporation of India Limited)
Wholly Owned by Government of India
Miniratna Category - I CPSE & ISO 9001 : 2015 & ISO 14001 : 2015 Certified
CIN : U22213DL2006GOI144763, GSTIN : 23AAJCS6111J3ZE & EXCISE ASSE. CODE AAKCS4610BXM001
Tel. No. 07574-286517-18, Fax: 07574-255170, E-mail: hr.spm@spmcil.com, Website: http://spmnarmadapuram.spmcil.com

## कल्याण अधिकारी, पर्यवेक्षक (पर्यावरण) और कनिष्ठ हिंदी अनुवादक की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

### सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | समय / अवधि | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 100 | 40 मिनट | अंग्रेजी और हिन्दी (अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां) |
| 2 | तार्किक क्षमता | 25 | 25 | 20 मिनट | |
| 3 | सामान्य सचेतता | 25 | 25 | 20 मिनट | |
| 4 | अंग्रेजी भाषा | 25 | 25 | 20 मिनट | |
| 5 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 25 | 25 | 20 मिनट | |
| | **कुल** | **150** | **200** | **120 मिनट** | |

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, बुलावा पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । प्रत्येक प्रश्नावली के लिए अलग-अलग समय आबंटित है। हर प्रश्नावली को दिए गए समयावधि में आप उस प्रश्नावली में से किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती नही की जायेगी । आपको सलाह दी जाती है कि आप उत्तर देने में तुक्का ना लगायें ।**

चयन प्रक्रिया में अभ्यार्थी को नीचे दिए गए मानदंडों के अनुसार न्यूनतम अंक सुरक्षित करने होंगे। मेरिट लिस्ट कुल अंकों पर होगी ना ही हर एक प्रश्नावली में प्राप्त अंकों पर। हर श्रेणी के न्यूनतम अंक जो मेरिट में आने के लिए हर अभ्यार्थी को प्राप्त करने होंगे :

| | |
|---|---|
| सामान्य / EWS श्रेणी | 55% |
| OBC श्रेणी | 50% |
| SC/ST श्रेणी | 45% |

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

**नोट : कुल अंकों पर कटऑफ लागू होगा।**

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## व्यावसायिक ज्ञान

संबंधित विषय के प्रश्न, विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे ।

## तार्किक क्षमता

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं ।

**प्र.1-3.** **निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षरसमूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**प्र.4-6.** **निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?
(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

**प्र.5.** दिन : रात : : दयालु : ?
(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल : : खरगोश : ?
(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

## सामान्य सचेतता

**प्र.1.** निम्नलिखित में से कौन फिल्म लगान का दिग्दर्शक है ?
(1) संजय लीला भंसाली (2) वसन्त गोवारीकर (3) करण जोहर
(4) बी. आर. चोपड़ा (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** हम अंधेरे में चीज़ों को क्यों नहीं देख सकते हैं?
(1) यह चीज़ें प्रकाश का विकीर्णन करती हैं (2) यह चीज़ें प्रकाश का अवशोषण करती हैं
(3) इन चीज़ों से हमारी आंखों पर कोई प्रकाश नहीं पड़ता है (4) प्रकाश अंधेरे से अवरुद्ध हो जाता है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** जल के निम्नलिखित में से किस नमूने को शुद्ध जल कहा जा सकता है?
(1) जल जिसमें फिटकिरी मिलाई गई हो (2) स्वच्छ जल
(3) फ़िल्टर किया गया जल (4) उसमें कोई अन्य पदार्थ नहीं मिलाया जाता है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** RBI में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) India (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

**प्र.5.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?
(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

## अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**Q.1-3. निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें।

**Q.1.** He quickly glanced ...................... the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

**Q.2.** The counsel urged the court to .................. down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**Q.3.** The local official ................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**Q.4-6. निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी । उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर 'No error' है ।

**Q.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

**Q.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

**Q.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

## संख्यात्मक अभियोग्यता

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1-3. निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में आपको यह ज्ञात करना है कि प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आयेगा ।

**प्र.1.** 42 + 73 + 137 = ?
(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** $20 \times \frac{1}{2} = ?$
(1) 4 (2) 5 (3) 12 (4) 20 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** 0.7 x 0.5 = ?
(1) 35 (2) 0.35 (3) 0.0035 (4) 0.035 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4-6. निर्देश :** नीचे सारणी में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी I सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें:

| % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.4.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?
(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.5.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.6.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## ऑन-लाईन परीक्षा का विवरण :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी व हिन्दी में होंगी ।

(3) सभी प्रश्न बहुविकल्पी होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सही उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो सही है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित **(Marked for Review)** स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा।

(15) प्रत्येक प्रश्नावली की अवधि अलग-अलग है। उम्मीदवार किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(17) दिए गए समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

**(18) कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को** 'फाइनली सबमिट' **करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकाएं, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) बैंचमार्क शारीरिक रूप से चुनौतीग्रस्त उम्मीदवारों को परीक्षा समय से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा स्थल पर आकर परीक्षा केंद्र प्रशासक से अपना स्थान ग्रहण करने के लिये यदि सहायता, चाहिए हो तो, संपर्क करना चाहिये ।

(5) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(6) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(7) फ्रिस्कींग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्न ड्रेस कोड की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपर, बटन आदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के वस्त्र पहनें

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और पी.डब्लू.बी.डी. उम्मीदवारों को उचित तलाशी के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

(8) परीक्षा के दौरान कैलक्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(9) अपने फोटोग्राफ को प्रवेश-पत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - कृपया अपने फोटोग्राफ को इस प्रवेशपत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है। **कृपया प्रवेशपत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेशपत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । यदि प्रवेशपत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान पत्र में जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। वे उम्मीदवार जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, को राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमत किया जाएगा।

(10) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(11) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। आप अपना व्यक्तिगत इंक स्टैम्प पैड (ब्लू/ब्लैक) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, प्रवेशपत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः पर्यवेक्षक को सौंप देना चाहिए।

(12) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है । ऐसी स्थिति मे समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमे यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है । इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा । इस तरह के परीवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी ।

(13) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(14) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(15) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा।

(16) कृपया अगले पेज पर दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।

# <u>सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश</u>

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।
3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियोंको अनुमत सामग्री

   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी**

   **क. मास्क**

   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

   **ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)**

   **घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा बुलावा पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)**

   **ड. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**
4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/
5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।
7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।
8. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

## आपको शुभकामनाएं